एक नजर में

## तत्वज्ञान की अखंड धारा को निरंतर प्रवाहित रखने का संकल्प



इन्दौर. 58वें वीतराग-विज्ञान आध्यात्मिक शिक्षण-प्रशिक्षण शिविर के मध्य 25 मई को तत्ववेत्ता डॉ. हुकमचन्द भारिल्ल का 91वाँ जन्मदिवस श्रद्धा, उत्साह के साथ 'संकल्प दिवस' के रूप में मनाया गया. प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी देशभर से आए लगभग 200 से 250 स्नातक विद्वानों ने अपने पूज्य गुरु के प्रति श्रद्धाभाव व्यक्त करते हुए तत्त्वज्ञान की अखण्ड धारा को निरंतर प्रवाहित रखने का सामूहिक संकल्प लिया. डॉ. भारिल्ल कहा करते थे- मैं ऐसे स्वप्न ही नहीं देखता जो पूरे न हो सकें. उनकी इसी अदम्य इच्छाशक्ति और तत्त्वप्रचार के प्रति समर्पण का ही परिणाम है कि आज उनके शिष्य उनके जन्मदिवस को 'संकल्प दिवस' के रूप में मनाते हैं. प्रचार प्रमुख प्रवीण जैन ने बताया कि डॉ. हुकमचन्द भारिल्ल का संपूर्ण जीवन तत्त्वप्रचार को समर्पित रहा. उनका 87 वर्षों का तपस्वी जीवन आदर्शों, उपाधियों और आध्यात्मिक उपलब्धियों का ऐसा प्रेरणास्रोत बन गया है, जिससे आने वाली पीढ़ियाँ सदियों तक दिशा प्राप्त करती रहेंगी. इस अवसर पर प्रात:काल भव्य 'संकल्प दिवस सभा' का आयोजन किया गया. सभा की अध्यक्षता अजितप्रसाद जैन, दिल्ली ने की. विशिष्ट अतिथियों के रूप में अशोक बड़जात्या, सुशीलकुमार गोदीका, परमात्मप्रकाश भारिल्ल, पदम पहाड़िया, शुद्धात्मप्रकाश भारिल्ल, अध्यात्मप्रकाश भारिल्ल, बाल ब्रह्मचारी अभिनन्दनकुमार शास्त्री, प्रेमचन्द बजाज, संजय दीवान तथा श्री विपुलभाई मोटाणी, मुम्बई सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे. कार्यक्रम के अंत में डॉ. शान्तिकुमार पाटील ने सभी उपस्थित स्नातकों एवं श्रद्धालुओं को तत्त्वज्ञान के प्रचार-प्रसार का संकल्प दिलाया. सभा का प्रभावी संचालन पण्डित बिपिन शास्त्री, मुंबई द्वारा किया गया.

## लायंस अंतरराष्ट्रीय महाधिवेशन में मयंक काबरा को 4 अवार्ड



इंदौर. लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के इंदौर में आयोजित 9वें मल्टीपल कन्वेंशन उर्विश में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ (मल्टीपल 3233) के लायन इतिहास में एक नया रिकॉर्ड दर्ज हुआ है. लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1 के अंतर्गत लायंस क्लब मक्सी के अध्यक्ष लायन मयंक काबरा की अपनी दूरदर्शिता, अद्वितीय सेवा कार्यों और कुशल नेतृत्व की बदौलत मल्टीपल 3233 (तीन राज्यों मप्र, राजस्थान और छग एवं 955 क्लब) के विशाल नेटवर्क में सर्वोच्च शिखर छूते हुए मल्टीपल के सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड से सम्मानित किया. मयंक काबरा ने थीम सॉन्ग तैयार करने के लिए मल्टीपल स्तर पर सर्वश्रेष्ठ घोषित कर विशेष अवार्ड से सम्मानित किया गया. सटीक और अनुशासित प्रशासनिक नेतृत्व के कारण उनके क्लब को डिस्ट्रिक्ट में सर्वश्रेष्ठ परिपत्र का अवॉर्ड मिला. समाज हित के सेवा कार्यों को डिजिटल और रचनात्मक रूप से प्रस्तुत करने के लिए बेस्ट वीडियो स्टोरी श्रेणी में भी उन्हें अवार्ड से सम्मानित किया गया. सम्मान लायन उनके सुपुत्र पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन रमेश काबरा को मुख्य अतिथि मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन मनीष शाह एवं इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडॉर्सी डॉ. कुलभूषण मित्तल के द्वारा प्रदान किया गया. इस अवसर पर श्रीधर माहेश्वरी, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन रमेश काबरा, वरिष्ठ लायन सदस्य मणिशंकर नागर, ओम प्रकाश शर्मा एवं राम प्रसाद पाटीदार जी विशेष रूप से उपस्थित थे.

## रणधर आउटस्टेंडिंग अवार्ड से सम्मानित



इंदौर. लायंस इंटरनेशनल मल्टीप्ल कन्वेंशन में मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन लायन मनीष शाह ने लायन दिनेश रणधर को डिस्ट्रिक्ट पब्लिक रिलेशन ऑफिसर आउटस्टैंडिंग अवार्ड से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया. कन्वेंशन में राजस्थान छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश व अन्य प्रदेश से आये करीब डेढ़ हजार से भी अधिक वरिष्ठ लायन सदस्य उपस्थित थे.

## निराश्रित सेवा आश्रम में दी राशन सामग्री



इंदौर. सहयोग सोशल वेलफेयर ग्रुप द्वारा अधिक मास के पावन अवसर पर निराश्रित सेवाश्रम में सेवा कार्य आयोजित किया गया. ग्रुप के सदस्यों ने आश्रम पहुँचकर वहाँ रह रहे निराश्रित, बेसहारा एवं दिव्यांग बुजुर्गों के लिए नाश्ते की सामग्री, अनाज एवं राशन सामग्री वितरित की. साथ ही बुजुर्गों के बीच समय बिताकर उनका हालचाल जाना तथा सेवा भाव का संदेश दिया. ग्रुप के सदस्यों ने कहा कि जरूरतमंदों एवं बुजुर्गों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है. समाज के प्रत्येक व्यक्ति को मानव सेवा के लिए आगे आना चाहिए. निराश्रित सेवाश्रम के संचालक यश पराशर द्वारा कम उम्र में मानव सेवा एवं समाजहित की भावना के साथ आश्रम का संचालन करना सभी के लिए प्रेरणादायक है. आश्रम में वर्तमान में लगभग 125 बुजुर्ग निवासरत हैं, जिनकी देखभाल एवं सेवा का कार्य निरंतर किया जा रहा है. इस सेवा कार्य में सविता सिरसाट, हंसा थोरात, दुर्गेश मेवाड़ा एवं राजकुमारी मेहरा विशेष रूप से उपस्थित रहीं.

## शहर के बीच बने महिलाओं का इंडस्ट्रियल जोन



इंदौर. इंदौर की महिला प्रतिनिधियों ने महिलाओं के आर्थिक एवं औद्योगिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मध्यप्रदेश में महिलाओं हेतु विशेष इंडस्ट्रियल ज़ोन एवं वूमन ग्रोथ हब स्थापित करने की मांग उठाई है. श्रेष्ठा गोयल और उनकी टीम कई सालों से महिला इंदौर में प्रदेश का महिला क्लस्टर बनाने के लिए कार्य कर रही है. वूमेन इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की फाउंडर श्रेष्ठा गोयल ने बताया, इस संबंध में सांसद शंकर लालवानी को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें महिला उद्यमियों के लिए रेडी-टू-यूज़ औद्योगिक शेड, प्रशिक्षण, मार्गदर्शन, वित्तीय सहायता तथा आधुनिक आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया. सांसद ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर राज्य में महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने और महिलाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने की आवश्यकता पर बल दिया.

# कमिश्नर ने दिए शिकायतों पर तुरंत एक्शन के निर्देश

- जनसुनवाई के मामलों के निराकरण में लापरवाही पर दिखाई सख्ती
- 129 मामलों पर फौरन कार्रवाई करने के आदेश दिए



नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में आयोजित पुलिस की साप्ताहिक जनसुनवाई में आमजन का भरोसा लगातार बढ़ता नजर आ रहा है. मंगलवार को पुलिस कमिश्नर ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके तुरंत व प्रभावी निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए.

जनसुनवाई में कुल 129 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें पारिवारिक विवाद, आपसी मतभेद, पैसों का लेन-देन, फाइनेंशियल फ्रॉड, प्लॉट-मकान और जमीन से जुड़े विवाद, महिला अपराध और सुनवाई न होने की शिकायतें प्रमुख रहीं. कमिश्नर ने प्रत्येक आवेदक की बात गंभीरता से सुनी और कई मामलों में अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए. कुछ प्रकरणों में फोन पर भी संबंधित अधिकारियों से बात कर तेजी से कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा.

जनसुनवाई में सभी जोन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. उन्होंने शिकायतों की विस्तार से सुनवाई कर कई मामलों में मौके पर ही कार्रवाई शुरू करवाई. कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि हर शिकायत का संवेदनशील और निष्पक्ष समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और आमजन को जल्द राहत दिलाना ही उद्देश्य है. इसके साथ ही आपसी और पारिवारिक विवादों के समाधान के लिए मध्यस्थता केंद्रों के जरिए काउंसलिंग की प्रक्रिया भी लगातार जारी है, ताकि मामलों का शांतिपूर्ण और तुरंत निपटारा हो सके.



# हॉस्टल में उत्पात मचाने वाले छात्रों के पैरेंट्स को बुलाया

इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आईईटी विभाग के हॉस्टल में अर्धनग्न होकर डांस और तोड़फोड़ करने वाले छात्रों पर कार्रवाई तेज हो गई है. वीडियो के आधार पर 17 छात्रों की पहचान कर उन्हें नोटिस जारी किया है. अब उनके अभिभावकों को यूनिवर्सिटी प्रबंधन द्वारा बुलाया जा रहा है.

जानकारी के अनुसार, अब तक 4 छात्रों के अभिभावक पहुंचकर प्रबंधन से चर्चा कर चुके हैं. घटना को लेकर अभिभावक भी असहज नजर आए और बच्चों की हरकत पर कुछ कह नहीं सके. विभाग के डायरेक्टर डॉ. प्रतोष बंसल के मुताबिक, छात्रों और उनके अभिभावकों से शपथपत्र लिया जा रहा है. इसमें यह शपथ ली जा रही है कि छात्र भविष्य में ऐसा कोई काम नहीं करेंगे, जिससे विभाग की छवि खराब हो, वे समाजहित में कार्य करेंगे और नियमों का पालन करेंगे.

प्रबंधन ने प्रत्येक छात्र पर 25 हजार रुपए की पेनल्टी भी लगाई है. इसमें साफ किया गया है कि पेनल्टी जमा किए बिना छात्रों का रिजल्ट जारी नहीं किया जाएगा. घटना के बाद छात्रों को परीक्षा से भी रोक दिया गया है, हालांकि जांच पूरी होने के बाद उनके शेष पेपर दिलवाए जाएंगे.

# दाम्पत्य जीवन विश्वास, त्याग और समर्पण से ही सार्थक बनेगा

- हरिधाम आश्रम गूँज रहा राम कथा की मंगल ध्वनि से

**इंदौर. राम और सीता की जोड़ी को भारतीय संस्कृति का आदर्श युगल माना जाता है लेकिन अर्थ प्रधान इस युग में पाश्चात्य संस्कृति हावी हो रही है. विवाह के नाम पर प्रर्दशन पर फिजूलखर्ची की प्रवृत्ति बढ़ रही है. सीता लक्ष्मी का स्वरुप हैं और राम विष्णु क.। हमारा दाम्पत्य जीवन कैसा होना चाहिए, यह देखना है तो राम और सीता की जोड़ी को देखें. दाम्पत्य जीवन स्नेह, सदभाव, विश्वास, त्याग और समर्पण से ही सार्थक बनेगा.**

ये प्रेरक विचार हैं श्रीधाम वृन्दावन के प्रख्यात कथाकार पं. श्रीराम प्रपन्नाचार्य महाराज के, जो उन्होंने हवा बंगला, कैट रोड स्थित हरिधाम आश्रम पर मंगलवार शाम को राम कथा में राम-सीता स्वयंवर सहित विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. कथा में सीता स्वयंवर का प्रसंग सुनाते हुए विद्वान वक्ता ने भारतीय सनातन संस्कृति की महत्ता और परम्पराएं भी बताई। ब्रज से आए भजन गायकों और संगीतज्ञों ने आज भी अपने मनोहारी भजनों से समूचे पंडाल को थिरकाए रखा. प्रारंभ में आश्रम के अधिष्ठाता महंत शुकदेवदास महाराज के सानिध्य में डॉ. सुरेश चोपड़ा, संजय अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, गोपाल गोयल, सीताराम नरेडी, ओमप्रकाश अग्रवाल, किशोर गोयल, विजय सिंह राणा एवं गुमान सिंह ठाकुर आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया. आश्रम पर यज्ञाचार्य पं. ललित पाठक के निर्देशन में 51 विद्वानों ने आश्रम परिसर में निर्मित यज्ञशाला में चल रहे हनुमत महायज्ञ में प्रतिदिन 1 लाख 60 हजार आहुतियाँ विद्वानों एवं यजमानों द्वारा समर्पित की जा रही हैं। अब तक यहाँ 11 लाख लक्ष्य के मुकाबले 6 लाख 40 हजार आहुतियाँ समर्पित की जा चुकी हैं.

# कठिन समय में भगवान पर विश्वास करें, सब ठीक हो जाएगा : यतीन्द्रनाथ

- शोभायात्रा में महिलाओं ने धारण किए कलश, गाए मंगल गान



इंदौर. भक्ति से ऊपर उठकर आप प्रपन्नता को प्राप्त कर प्रभु में खो जाये, स्वयं भगवान आपके हो जाएंगे. कठिन समय में भगवान पर विश्वास करे, सब ठीक हो जाएगा.

यह बात युवराज स्वामी यतीन्द्रनाथ महाराज ने अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गंगा अमृत महोत्सव के प्रथम दिन धर्मालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. आयोजन की शुरुआत प्रात: 8 बजे निकली भव्य शोभायात्रा से हुआ. संस्था की महिलाएं श्रृंगार कर कलश धारण कर इस यात्रा में सम्मिलित हुईं. भजन गायक राम हुरकट ने भजनों की रसगंगा बहाई. शोभायात्रा में संतजन, अतिथिगण, समाज के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति एवं श्रद्धालुजन उपस्थित थे. सचिव अर्चना माहेश्वरी एवं पूर्व अध्यक्ष सीमा माहेश्वरी ने बताया कि शोभायात्रा में केदारमल राजकांता जाखेटिया, राजकुमार कनकलता साबू, पद्मावती मंडल, गोपालदास माहेश्वरी, राजेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्त्री पुरूष उपस्थित थे. आपने कहा कि आप लोग भाग्यशाली हो जो आपको नर्मदा किनारे रहने का सौभाग्य मिला है. हमारी गंगा नर्मदा ही है. उसके संवर्धन, स्वच्छता का ध्यान रखना हमारा परम कर्तव्य है. अधिक मास को भगवान ने अपना नाम पुरुषोत्तम मास दिया है. इस मास में प्रभु स्मरण, धर्म कार्य, तप-पाठ पूजा करने पर असीमित फल व पुण्य प्राप्त होता है.

### समाज को जोड़ने वाला आध्यात्मिक उत्सव

संस्था अध्यक्ष पूनम मालपानी ने स्वागत भाषण दिया. आपने कहा कि गंगा अमृत महोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि श्रद्धा, भक्ति, संस्कार एवं समाज को जोड़ने वाला एक आध्यात्मिक उत्सव है. अलका माहेश्वरी ने बताया कि 27 मई को सुबह के सत्र में एकादशी उद्यापन तथा दोपहर में तीन से कथा प्रवचन व सायं 6 से विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना का पाठ स्वामी जी के सानिध्य में होगा.

# न्यायालय का निर्देश सनातन की विजय का आधार

- शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रचंद्र सरस्वती इंदौर आए
- बड़ा गणपति पर किया पूजन, भोजशाला में किए दर्शन



**इंदौर. काशी सुमेरु पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रचंद्र सरस्वती महाराज मंगलवार सुबह इंदौर आए. अपने प्रवास के दौरान महाराजश्री ने सबसे पहले बड़ा गणपति मंदिर पहुंचकर भगवान गणेश के दर्शन किए और विश्व कल्याण की कामना के साथ विशेष पूजा-अर्चना की.**

बड़ा गणपति पर दर्शन-पूजन के उपरांत शंकराचार्य महाराज पूर्व राज्य मंत्री (दर्जा प्राप्त) पंडित योगेंद्र महंत, प्रिंसिपल टोंगिया एवं अन्य प्रबुद्ध जन के निवास स्थान पहुंचे. यहाँ उन्होंने पंडित योगेंद्र महंत और उनके परिवार जनों को आशीर्वाद दिया. इस अवसर पर महाराजश्री से आशीर्वाद लेने और भेंट करने के लिए शहर के कई धर्मप्राण, प्रबुद्ध जन और गणमान्य नागरिक एकत्रित हुए थे. महाराज श्री ने उपस्थित प्रबुद्ध जनों से सनातन धर्म, संस्कृति के उत्थान और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर गहन चर्चा की. इस पूरे इंदौर प्रवास और मुलाकातों के दौरान महाराज श्री के सचिव प्रिंसिपल टोगिया और पूर्व राज्य मंत्री पंडित योगेंद्र महंत अपने साथियों के साथ उनके साथ मौजूद रहे. इंदौर में प्रबुद्ध जनों से भेंट के बाद शंकराचार्य जी महाराज धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला में दर्शन-पूजन के लिए रवाना हुए. धार में मुख्य अनुष्ठान संपन्न करने के बाद, शाम को महाराज श्री पुन: इंदौर होते हुए महाकाल की नगरी उज्जैन की ओर प्रस्थान कर गए।

### भोजशाला में किए दर्शन

शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रचंद्र सरस्वती महाराज ने भोजशाला में अपने प्रमुख सहयोगियों के साथ मां सरस्वती (वाग्देवी) के दर्शन-पूजन किए और हवन में आहुति दी. पूजन के बाद पत्रकारों से चर्चा में शंकराचार्य जी ने कहा कि राजा भोज द्वारा स्थापित यह भोजशाला केवल एक संरचना नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की महान ज्ञान और साधना स्थली है. भोजशाला से जुड़े कानूनी घटनाक्रमों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि न्यायालय का जो भी निर्देश आया है, वह सनातनियों की विजय का सुदृढ़ आधार है. जिस तरह अयोध्या में पुरातात्विक साक्ष्यों से सत्य की विजय हुई, ठीक वैसे ही भोजशाला में भी साक्ष्यों के आधार पर सत्य की जीत सुनिश्चित है. सनातन को कुछ समय के लिए परेशान किया जा सकता है, पर पराजित नहीं.

# नि:शुल्क लोककला एवं नृत्यकला शिविर 28 मई से

इंदौर. संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिये मराठी सोशल ग्रुप ट्रस्ट द्वारा कुछ न कुछ प्रकल्प चलाये जाते है। इसी कड़ी में मराठी लोक कला एवं लोकनृत्य की नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यशाला संस्था द्वारा दिनांक 28 से 31 मई तक लोकमान्य नगर स्थित लोकमान्य विद्या निकेतन में आयोजित की जाएगी.

संयोजक तृप्ति महाजन एवं ज्योत्स्ना सोहनी ने बताया कि लोक कला एवं लोकनृत्य के प्रशिक्षण हेतु संस्था के विशेष आग्रह पर प्रख्यात मराठी सिने कलाकार, नृत्य निर्देशक श्री अनिल सुतार जी विशेष रूप से पधार रहे है। आपने बताया कि कार्यशाला दो समूह में आयोजित की जाएगी एक सुबह 09 से 1 जूनियर ग्रुप हेतु एवं दोपहर 03 से संध्या 07 बजे तक सीनियर ग्रुप हेतु. श्रीमती तृप्ति महाजन और ज्योत्स्ना सोहनी ने बताया कि कार्यशाला में नृत्य कला की बारीकियां सिखाई जाएगी। इसके अलावा नृत्य और लोक कला का व्यक्तिगत जीवन मे महत्व भी समझाया जाएगा। प्रत्येक प्रशिक्षु पर विशेष ध्यान रखा जाएगा इसलिये दोनो समूह में प्रथम प्राप्त 30 आवेदन ही कार्यशाला हेतु चयनित किये जायेंगे।



# भागवत हजारों बार श्रवण के बाद भी देती है नित्य नूतन अनुभूति : पं. शर्मा

- सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ का कलश यात्रा से हुआ शुभारंभ

इंदौर. भगवत केवल कथा नहीं, जीवन की व्यथा को दूर करने का सबसे सहज और सरल माध्यम माना गया है. पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में भागवत कथा का श्रवण और आयोजन, दोनों ही कई गुना अधिक पुण्य देने वाले पुरुषार्थ माने गए हैं. दुनिया में एकमात्र भागवत ही ऐसी रचना है जो हजारों बार श्रवण करने के बाद भी नित्य नूतन अनुभूति देती है क्योंकि यह साक्षात भगवान की वाणी है.

ये विचार हैं राजस्थान के प्रख्यात भागवताचार्य पं. सतीशचन्द्र शर्मा के, जो उन्होंने श्री मालवा मील अग्रवाल पंचायत की मेजबानी में मालवा मील चौराहा स्थित अग्रवाल धर्मशाला, वाय एन रोड पर मंगलवार से प्रारम्भ हुए भागवत ज्ञान यज्ञ में भागवत की महत्ता बताते हुए व्यक्त किए. कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ जिसमें मुख्य यजमान श्यामा नरेश मित्तल, पार्षद एवं महापौर परिषद के सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया, समाजसेवी गणेश गोयल, संतोष गोयल, महेश अग्रवाल के आतिथ्य में पंचायत के अध्यक्ष गोविन्द गर्ग भमोरी, मंत्री सुशील अग्रवाल, संयोजक राजेश अग्रवाल, अर्पण गर्ग एवं उमेश मंगल, उपाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, कल्याण अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, आदि पदाधिकारी नंगे पैर भागवत जी को मस्तक पर धारण कर शामिल हुए. बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी कलश में पवित्र नदियों का जल लेकर यात्रा में भागीदार बनीं. अतिथियों का स्वागत महिला मंडल की अध्यक्ष मोनिका पोत्दार, अनिता गोयल, मंजू गर्ग ने किया. कथा शुभारंभ पर व्यास पीठ का पूजन सतीश मंगल, गोविन्द गोयल, मनोहर अग्रवाल, गोपाल गर्ग, प्रमोद अग्रवाल आदि ने किया. संचालन अध्यक्ष गोविन्द गर्ग ने किया और आभार माना अशोक अग्रवाल ने.



# भगवान को 56 भोग नहीं, हमारा शुद्ध और सात्विक मन चाहिए

इंदौर,. भक्ति के कई स्वरुप होते हैं लेकिन निष्काम भक्ति को ही सर्वश्रेष्ठ माना गया है. भक्ति में पाखंड और प्रदर्शन ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकते. जीवन की धन्यता सेवा और सत्कर्मों से ही संभव है। भगवान को 56 भोग नहीं, हमारा शुद्ध और सात्विक मन चाहिए. प्रभु के प्रति समपर्ण के सच्चे भाव के बिना भक्ति संभव नहीं है. शिव और पार्वती इस सृष्टि के नियामक हैं.

श्रीधाम वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद ने मंगलवार शाम को गीता भवन सत्संग सभागृह में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में मातुश्री श्रीमती कमलादेवी-बाबूलाल मंगल की पुण्य स्मृति में चल रहे श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस उक्त प्रेरक बातें कहीं. कथा शुभारंभ के पहले व्यासपीठ का पूजन प्रमुख संयोजक संजय-किरण मंगल, बिनोद-सुनीता अग्रवाल, अवनि-अनंत अग्रवाल, मोतीलाल लश्कर, हर्ष फिरोदिया, संजीव सचदेवा, विनीता-अक्षत अग्रवाल, चंचल अग्रवाल आदि ने किया. विद्वान वक्ता की अगवानी गोविन्द मंगल, गोपाल मंगल, राजेश गर्ग, शिव जिंदल, विनोद गोयल आदि ने की. कथा श्रवण के लिए आज भी गीता भवन में श्रद्धालुओं का सैलाब बना रहा. संगीतमय कथा के दौरान साध्वी कृष्णानंद द्वारा प्रस्तुत मधुर भजनों पर समूचा सत्संग सभागृह झूमता रहा. कथा 30 मई तक प्रतिदिन दोपहर 3.30 से शाम 7 बजे तक होगी.

एक नजर में | महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज की मेजबानी में लव यू जिन्दगी श्रृंखला का कार्यक्रम

# सखियों ने लिया मॉकटेल बनाने का प्रशिक्षण, जाने फायदे



इंदौर. आने वाले समय में सोने के साथ डायमंड की खरीदी करना भी फायदेमंद साबित होगा. इसी तरह थोड़ी-थोड़ी मात्रा में चांदी भी खरीदते रहना चाहिए. सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि हमारे पास घरों या लॉकर्स में जो ओल्ड गोल्ड पड़ा हुआ है, उसे बाजार में लाएं और उसके बदले में डायमंड के गहने खरीद लें ताकि भविष्य में उनसे भी हमें अच्छे दाम मिल सकें.

यह कहना है स्वर्ण आभूषण विशेषज्ञ सुदीप सेठी का, जो उन्होंने महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज द्वारा मंगलवार को अपने लव यू जिन्दगी कार्यक्रम की श्रृंखला में विजय नगर स्थित एक होटल पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए. प्रारम्भ में प्रकोष्ठ की प्रमुख प्रतिभा मित्तल और इस आयोजन की सहयोगी राखी ने सभी मेहमानों का स्वागत किया. होटल के मॉकटेल एक्सपर्ट लोकेश ने सखियों को कई तरह की मॉकटेल बनाने का प्रशिक्षण भी दिया और उनका फायदा भी बताया. घरों में आने वाले मेहमानों से लेकर बच्चों और महिलाओं के लिए अलग-अलग तरह से मॉकटेल बनाने का प्रशिक्षण भी उन्होंने दिया जिसे सखियों ने पूरी दिलचस्पी के साथ सीखा. उन्होंने कहा कि मॉकटेल के फ्लेवर्स में बैलेंस रखना जरुरी है. मॉकटेल हल्के मीठेज्यादा अच्छे लगते हैं. आइस क्यूब की जगह क्रश्ड आइस ज्यादा स्वाद देगा. मौसम के अनुसार अलग-अलग तरह के मॉकटेल्स बनाना चाहिए.

### प्रतिस्पर्धाओं में दिखाया हुनर

इसके पूर्व आयोजित विभिन्न गेम्स में डॉ. सोनाली, संगीता, नीलम, मोनिका, स्नेहा, तिलोत्तमा, अनुजा, डांस में पूनम, कविता, करुणा, नेहा, मधु, कृष्णा, काजल, स्मिता और विशेषरूप से मदर्स डे के उपलक्ष्य में आयोजित वीडियोग्राफी स्पर्धा में कृष्णा और नीना ने बाजी मारकर विजेता का ख़िताब हासिल किया. कार्यक्रम में एंकर मन जैन ने अपने दिलचस्प अंदाज में प्रस्तुतियां दी और कार्यक्रम का संचालन किया. सखियों ने डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए मदर्स डे का जश्न भी मनाया और स्वर्ण तथा डायमंड सहित मॉकटेल से जुड़े विषयों पर अनेक दिलचस्प और उपयोगी जानकारियां भी प्राप्त की.